an>

Title: Need to expedite the construction of various roads in Sant Kabir Nagar Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र संत कबीर नगर के खजनी विधान सभा क्षेत्र में प्रधान मंत्री सड़क योजना की बदहाल सड़कों की तरफ आकर्षित करना चाहूंगा।

महोदय, प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत हमारे क्षेत्र में हरनयी से लेकर सिसवा तक की सड़क, सिकरीगंज से लेकर पुरी तक की सड़क, बेलघाट से लेकर शाहपुर की और बेलघाट से लेकर त्रिलोकपुर की सड़क अत्यंत जर्जर हो चुकी है जिस में आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सड़क का निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण वह जनहित के लिए अनुपयोगी साबित हो रही है।

अतः मैं आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा कि आप सरकार को निर्देशित करें कि ये सड़कें जल्द से जल्द अच्छी गुणवत्ता में बनें।

महोदय, एक बहुत बड़ा गंभीर विषय अपने ही संसदीय क्षेत्र के धनकटा थाना क्षेत्र का है। कल दिनांक 23 जुलाई को एक ऐसी घटना घटी है, इसकी तरफ आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। आज उत्तर प्रदेश में लगभग 1500 थानों में से 750 थानों में कुछ विशेष जाति वर्ग के लोगों की पोस्टिंग है।

महोदय, मुझे पीड़ा होती है कि लोकतंत्र में तंत्र को क्वालिटी नहीं, कास्ट के आधार पर परिभाषित कर दिया गया है। अगर क्वालिटी को कास्ट के आधार पर परिभाषित कर दिया जाएगा तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा और अच्छे व योग्य अधिकारी, कर्मचारी कुंठित होकर वहां काम करना बंद कर देंगे। सर, यह बहुत गंभीर विषय है।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : You have to just mention the issue during 'Zero Hour'.

श्री शरद त्रिपाठी : सर, संत कबीर नगर जनपद का धनकटा थाना क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है जिसके अंतर्गत मलौली गांव में कल दिनदहाड़े दो-दो हत्याएं हो गयीं। इसे वहां के थानाध्यक्ष की नादानी कह लीजिए या उनकी तानाशाही कह लीजिए। अगर वहां के थानाध्यक्ष ने विवेकपूर्ण काम किया होता तो वहां दो हत्याएं होने से बच जातीं। वहां एक महिला कराह रही है। यह भी हो सकता है कि अब वह मर चुकी हो।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: You may place your demand and conclude your submission.

श्री शरद त्रिपाठी : महोदय, मैं आप से आग्रह करना चाहूंगा कि यह बहुत ही गंभीर विषय है और संबंधित सरकार को निर्देशित कर इसका निराकरण कराने का कष्ट करें।